राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने पूर्व वित्त मंत्री एवं प्रख्यात राजनेता श्री अरूण जेटली के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 24 अगस्त 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने प्रख्यात राजनेता तथा पूर्व वित्त मंत्री व रक्षा मंत्री श्री अरूण जेटली के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि श्री जेटली के निधन से भारत ने एक महान राजनेता, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राष्ट्रवादी चिन्तक और प्रखर प्रभावशाली वक्ता को खो दिया है। ऐसे अनुभवी और प्रतिभासम्पन्न राजनेता के निधन से राष्ट्र को अपूरणीय क्षति हुई है। राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि श्री जेटली की लोकप्रियता राष्ट्रव्यापी थी और उनको चाहनेवाले सभी राजनीतिक दलों में भी मौजूद रहे।

राज्यपाल श्री चौहान ने दिवंगत नेता की आत्मा को चिरशांति तथा उनके पारिवारिक सदस्यों व प्रशंसकों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....